**Series EF1GH/1** **SET~2**

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **67/1/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**नोट / NOTE :**

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं ।*
*Please check that this question paper contains **39** printed pages.*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
*Please check that this question paper contains **34** questions.*

*(iv)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
*Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*


https://www.evidyarthi.in/

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख** ।*

*(iii) **भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iv) **भाग ख** में दो विकल्प हैं अर्थात् — (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण, तथा (2) अभिकलित्र लेखांकन । परीक्षार्थियों को **भाग ख** में चयनित विषय के अनुसार केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(v) प्रश्न संख्या **1** से **16** तथा **27** से **30** तक **एक–एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(vi) प्रश्न संख्या **17** से **20, 31** तथा **32** तक **तीन–तीन** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii) प्रश्न संख्या **21, 22** तथा **33** तक **चार–चार** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(viii) प्रश्न संख्या **23** से **26** तथा **34** तक **छः–छः** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(ix) प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, **एक–एक** अंक के **7** प्रश्नों में, **तीन–तीन** अंकों के **2** प्रश्नों में, **चार–चार** अंकों के **1** प्रश्न में तथा **छः–छः** अंकों के **2** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## भाग क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

*निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए तथा इसमें दी गई सूचना के आधार पर प्रश्न संख्या **1** तथा **2** के उत्तर दीजिए :*

कविता, सविता तथा मधु एक फर्म में साझेदार थीं तथा उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 6,00,000, ₹ 4,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं । पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज देने के पश्चात् लाभों का विभाजन निम्न प्रकार से था :

कविता $\frac{1}{3}$ भाग, सविता $\frac{1}{2}$ भाग तथा मधु $\frac{1}{6}$ भाग । कविता ने व्यक्तिगत रूप से गारंटी दी कि लाभों में सविता का भाग पूँजी पर ब्याज प्रभारित करने के पश्चात् किसी भी वर्ष में ₹ 1,00,000 से कम नहीं होगा ।

पूँजी पर ब्याज प्रदान करने से पूर्व 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में लाभ ₹ 3,00,000 था ।



https://www.evidyarthi.in/

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This question paper is divided into* ***two*** *parts —* ***Part A*** *and* ***Part B****.*

*(iii)* ***Part A*** *is* ***compulsory*** *for all candidates.*

*(iv)* ***Part B*** *has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements, and (2) Computerised Accounting. Candidates must attempt only* ***one*** *of the given options as per the subject opted in* ***Part B****.*

*(v)* *Questions no.* ***1*** *to* ***16*** *and* ***27*** *to* ***30*** *carry* ***1*** *mark each.*

*(vi)* *Questions no.* ***17*** *to* ***20, 31*** *and* ***32*** *carry* ***3*** *marks each.*

*(vii)* *Questions no.* ***21, 22*** *and* ***33*** *carry* ***4*** *marks each.*

*(viii)* *Questions no.* ***23*** *to* ***26*** *and* ***34*** *carry* ***6*** *marks each.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***7*** *questions of* ***one*** *mark,* ***2*** *questions of* ***three*** *marks,* ***1*** *question of* ***four*** *marks and* ***2*** *questions of* ***six*** *marks.*

## PART A

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

*Read the following hypothetical situation and answer questions number* ***1*** *and* ***2*** *on the basis of the given information :*

Kavita, Savita and Madhu were partners in a firm with capitals of ₹ 6,00,000, ₹ 4,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. After providing interest on capital @ 10% p.a., the profits are divisible as follows :

Kavita $\frac{1}{3}$, Savita $\frac{1}{2}$ and Madhu $\frac{1}{6}$. Kavita personally guaranteed that Savita's share of profit after charging interest on capital would not be less than ₹ 1,00,000 in any year.

The profit for the year ending 31$^{st}$ March, 2022 amounted to ₹ 3,00,000 before providing interest on capital.



https://www.evidyarthi.in/

**1.** फर्म के कुल लाभों को गारंटी की राशि का समायोजन करने के पश्चात् साझेदारों में विभाजित किया जाएगा : *1*

(a) कविता ₹ 60,000, सविता ₹ 40,000 तथा मधु ₹ 20,000

(b) कविता ₹ 50,000, सविता ₹ 1,00,000 तथा मधु ₹ 30,000

(c) कविता ₹ 60,000, सविता ₹ 90,000 तथा मधु ₹ 30,000

(d) कविता ₹ 60,000, सविता ₹ 1,00,000 तथा मधु ₹ 20,000

**2.** सविता का लाभ में भाग गारंटी की राशि से कम था : *1*

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 70,000

(c) ₹ 20,000 (d) ₹ 10,000

**3.** अक्षिता तथा अनुराग एक फर्म में साझेदार हैं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हैं । अक्षत को लाभों में $\frac{1}{3}$ भाग के लिए फर्म में प्रवेश दिया गया । अक्षत ने अपने भाग का $\frac{2}{3}$ भाग अक्षिता से तथा $\frac{1}{3}$ भाग अनुराग से लिया । अक्षिता, अनुराग तथा अक्षत का नया लाभ-विभाजन अनुपात होगा : *1*

(a) 3 : 2 : 4 (b) 4 : 3 : 2

(c) 2 : 1 : 1 (d) 4 : 2 : 3

**4.** ज़िंकी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक का एक अंश, जिसे 20% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 30 प्रति अंश की प्रथम याचना तथा ₹ 10 प्रति अंश की अंतिम याचना का भुगतान न करने पर, हरण कर लिया । न्यूनतम मूल्य जिस पर इस अंश को पुनर्निर्गमित किया जा सकता है : *1*

(a) ₹ 40 (b) ₹ 60

(c) ₹ 20 (d) ₹ 100

**5.** 'क' तथा 'ख' एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 'क' ने प्रत्येक तिमाही के प्रारंभ में ₹ 12,000 की एक निश्चित राशि का आहरण किया । आहरण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित किया जाता है । वर्ष के अंत में आहरण पर ब्याज प्रभारित करने की रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

(a) आहरण पर ब्याज खाता नाम ₹ 1,800
    'क' का पूँजी खाता ₹ 1,800

(b) आहरण पर ब्याज खाता नाम ₹ 1,800
    'क' का चालू खाता ₹ 1,800

(c) 'क' का पूँजी खाता नाम ₹ 1,800
    आहरण पर ब्याज खाता ₹ 1,800

(d) लाभ-हानि विनियोजन खाता नाम ₹ 1,800
    आहरण पर ब्याज खाता ₹ 1,800


https://www.evidyarthi.in/

1. The total profits of the firm after adjustment of guaranteed amount will be distributed between the partners as : *1*

(a) Kavita ₹ 60,000, Savita ₹ 40,000 and Madhu ₹ 20,000
(b) Kavita ₹ 50,000, Savita ₹ 1,00,000 and Madhu ₹ 30,000
(c) Kavita ₹ 60,000, Savita ₹ 90,000 and Madhu ₹ 30,000
(d) Kavita ₹ 60,000, Savita ₹ 1,00,000 and Madhu ₹ 20,000

2. Savita's share of profit is short of the guaranteed amount by : *1*

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 70,000
(c) ₹ 20,000 (d) ₹ 10,000

3. Akshita and Anurag are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 1. Akshat is admitted in the firm with $\frac{1}{3}$ share in profits. Akshat acquires $\frac{2}{3}$ of his share from Akshita and $\frac{1}{3}$ of his share from Anurag. The new profit sharing ratio of Akshita, Anurag and Akshat will be : *1*

(a) 3 : 2 : 4 (b) 4 : 3 : 2
(c) 2 : 1 : 1 (d) 4 : 2 : 3

4. Zinki Limited forfeited a share of ₹ 100 issued at a premium of 20% for non-payment of first call of ₹ 30 per share and final call of ₹ 10 per share. The minimum price at which this share can be reissued is : *1*

(a) ₹ 40 (b) ₹ 60
(c) ₹ 20 (d) ₹ 100

5. 'A' and 'B' were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 1. 'A' withdrew a fixed amount of ₹ 12,000 at the beginning of each quarter. Interest on drawings is charged @ 6% p.a. The journal entry for charging interest on drawings at the end of the year will be : *1*

(a) Interest on drawings A/c Dr. ₹ 1,800
To A's Capital A/c ₹ 1,800
(b) Interest on drawings A/c Dr. ₹ 1,800
To A's Current A/c ₹ 1,800
(c) A's Capital A/c Dr. ₹ 1,800
To Interest on drawings A/c ₹ 1,800
(d) Profit and Loss Appropriation A/c Dr. ₹ 1,800
To Interest on drawings A/c ₹ 1,800


https://www.evidyarthi.in/

**6.** (i) पी, क्यू तथा आर एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 सितम्बर, 2022 को पी की मृत्यु हो गई । पी की मृत्यु की तिथि को फर्म के लाभों की गणना ₹ 80,000 की गई । पी के लाभ के भाग को समायोजित किया जाएगा : *1*

(a) लाभ-हानि खाते के नाम पक्ष में ₹ 40,000 की खतौनी करके ।

(b) लाभ-हानि विनियोजन खाते के नाम पक्ष में ₹ 40,000 की खतौनी करके ।

(c) लाभ-हानि उचंति खाते के नाम पक्ष में ₹ 80,000 की खतौनी करके ।

(d) लाभ-हानि उचंति खाते के नाम पक्ष में ₹ 40,000 की खतौनी करके ।

**अथवा**

(ii) पूजा, नीता तथा अनिता एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । पूजा सेवानिवृत्त हो गई और उसका भाग नीता तथा अनिता द्वारा बराबर-बराबर लिया गया । नीता तथा अनिता का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(a) 2 : 1

(b) 7 : 5

(c) 1 : 1

(d) 3 : 2

**7.** *अभिकथन (A) :* ख्याति एक अमूर्त परिसम्पत्ति है ।

*कारण (R) :* ख्याति भविष्य में अपेक्षित साधारण लाभों के अतिरिक्त भावी लाभों के सम्बन्ध में एक फर्म की प्रतिष्ठा का मूल्य है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(a) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(b) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

(c) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं ।

(d) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।



https://www.evidyarthi.in/

**6.** (i) P, Q and R were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 1. P died on 1st September, 2022. On the date of P's death, the profits of the firm were calculated as ₹ 80,000. P's share of profit will be adjusted by : *1*

(a) Debiting Profit and Loss Account with ₹ 40,000.

(b) Debiting Profit and Loss Appropriation Account by ₹ 40,000.

(c) Debiting Profit and Loss Suspense Account with ₹ 80,000.

(d) Debiting Profit and Loss Suspense Account with ₹ 40,000.

**OR**

(ii) Pooja, Nita and Anita were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Pooja retired and her share is taken up by Nita and Anita equally. The new profit sharing ratio of Nita and Anita will be : *1*

(a) 2 : 1

(b) 7 : 5

(c) 1 : 1

(d) 3 : 2

**7.** *Assertion (A) :* Goodwill is a intangible asset.

*Reason (R) :* Goodwill is the value of the reputation of a firm in respect of profits expected in future, over and above the normal profits. *1*

Select the correct answer from the following :

(a) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is wrong.

(b) Assertion (A) is wrong, but Reason (R) is correct.

(c) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct.

(d) Both Assertion (A) and Reason (R) are wrong.



https://www.evidyarthi.in/

**8.** फर्म के विघटन के समय निम्नलिखित में से किसे वसूली खाते में हस्तान्तरित किया जाएगा ? *1*

(i) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान

(ii) साझेदारों का ऋण

(iii) सामान्य संचय

(iv) ख्याति

(a) (i) और (iv)

(b) (i), (ii) तथा (iv)

(c) (i), (iii) तथा (iv)

(d) (i), (ii) तथा (iii)

**9.** गुरप्रीत, विशाल तथा अनन्या एक फर्म में साझेदार हैं तथा 2 : 3 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हैं । विशाल सेवानिवृत्त हो गया तथा संचयों संबंधी आवश्यक समायोजनों, परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन व देयताओं के पुनर्निर्धारण के पश्चात् उसके पूँजी खाते का शेष ₹ 1,20,000 है । गुरप्रीत तथा अनन्या उसके दावे के पूर्ण निपटान में उसे ₹ 1,80,000 का भुगतान करने के लिए सहमत हो गए । विशाल की सेवानिवृत्ति पर फर्म की ख्याति में उसका भाग है : *1*

(a) ₹ 1,20,000 (b) ₹ 60,000

(c) ₹ 30,000 (d) ₹ 15,000

**10.** (i) अक्षिता लिमिटेड ने ₹ 4,70,000 की शुद्ध परिसम्पत्तियों के क्रय मूल्य के बदले ₹ 5,00,000 के पूर्ण प्रदत्त अंशों का निर्गमन किया । ₹ 30,000 के शेष की खतौनी __________ खाते के _________ में की जाएगी । *1*

(a) ख्याति, नाम पक्ष

(b) पूँजी संचय, नाम पक्ष

(c) पूँजी संचय, जमा पक्ष

(d) सामान्य संचय, जमा पक्ष

**अथवा**

(ii) माइरा लिमिटेड ने सुभव लिमिटेड की ₹ 12,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 4,00,000 की देयताओं की ₹ 9,00,000 के क्रय मूल्य पर अधिग्रहण करने की सहमति दी । मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों का 10% बट्टे पर निर्गमन करके देय था । निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या होगी : *1*

(a) 9,000 (b) 10,000

(c) 8,000 (d) 11,000



https://www.evidyarthi.in/

**8.** Which of the following will be transferred to Realisation Account at the time of dissolution of firm ? *1*

(i) Provision for Doubtful Debts
(ii) Partners' Loan
(iii) General Reserve
(iv) Goodwill

(a) (i) and (iv)
(b) (i), (ii) and (iv)
(c) (i), (iii) and (iv)
(d) (i), (ii) and (iii)

**9.** Gurpreet, Vishal and Ananya are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 3 : 1. Vishal retires and the balance in his capital account after making necessary adjustments on account of reserves, revaluation of assets and re-assessment of liabilities is ₹ 1,20,000. Gurpreet and Ananya agreed to pay him ₹ 1,80,000 in full settlement of his claim. Vishal's share of goodwill of the firm, on his retirement is : *1*

(a) ₹ 1,20,000 (b) ₹ 60,000
(c) ₹ 30,000 (d) ₹ 15,000

**10.** (i) Akshita Ltd. issued fully paid shares of ₹ 5,00,000 in purchase consideration of net assets of ₹ 4,70,000. The balance of ₹ 30,000 will be ______ to _______ account. *1*

(a) debited, Goodwill
(b) debited, Capital Reserve
(c) credited, Capital Reserve
(d) credited, General Reserve

**OR**

(ii) Maira Ltd. took over assets of ₹ 12,00,000 and liabilities of ₹ 4,00,000 of Subav Ltd. for an agreed purchase consideration of ₹ 9,00,000. The amount was payable by issue of 11% debentures of ₹ 100 each at 10% discount. The number of debentures issued will be : *1*

(a) 9,000 (b) 10,000
(c) 8,000 (d) 11,000


https://www.evidyarthi.in/

**11.** (i) रोहित लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 2,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 95 प्रति ऋणपत्र पर किया । 9% ऋणपत्र खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाएगी : *1*

(a) ₹ 1,90,000 (b) ₹ 1,10,000

(c) ₹ 2,00,000 (d) ₹ 10,000

**अथवा**

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है ? *1*

(a) ऋणपत्रों पर ब्याज एक प्रभार है, विनियोजन नहीं ।

(b) ऋणपत्रों को बट्टे पर निर्गमित किया जा सकता है ।

(c) ऋणपत्रधारियों को वोट देने का अधिकार नहीं है ।

(d) ऋणपत्रों को अंशों में परिवर्तित नहीं किया जा सकता ।

**12.** याचित पूँजी का वह भाग जिसे अंशधारियों से वास्तव में प्राप्त कर लिया गया है , कहलाता है : *1*

(a) प्रदत्त पूँजी

(b) याचित पूँजी

(c) संचित पूँजी

(d) अभिदत्त पूँजी

**13.** (i) हिना तथा नीना एक फर्म में साझेदार हैं । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में, नीना ने प्रत्येक माह के प्रारम्भ में ₹ 10,000 प्रति माह का आहरण किया है । आहरण पर ब्याज 6% वार्षिक दर से प्रभारित किया जाना था ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में नीना के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(a) ₹ 3,900 (b) ₹ 325

(c) ₹ 3,600 (d) ₹ 3,300

**अथवा**

(ii) विभा तथा आशा एक फर्म में साझेदार हैं । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में आशा ने प्रत्येक तिमाही के अन्त में ₹ 1,000 का आहरण किया है । आहरण पर ब्याज की गणना की औसत अवधि होगी : *1*

(a) 6 माह (b) $4\frac{1}{2}$ माह

(c) $7\frac{1}{2}$ माह (d) $6\frac{1}{2}$ माह



https://www.evidyarthi.in/

**11.** (i) Rohit Limited issued 2,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at ₹ 95 per debenture. 9% Debentures account will be credited by : *1*

(a) ₹ 1,90,000 (b) ₹ 1,10,000

(c) ₹ 2,00,000 (d) ₹ 10,000

**OR**

(ii) Which of the following statements is ***incorrect*** ? *1*

(a) Interest on debentures is a charge and not an appropriation.

(b) Debentures can be issued at discount.

(c) Debentureholders do not have voting rights.

(d) Debentures cannot be converted into shares.

**12.** That portion of the called-up capital which has been actually received from the shareholders is called : *1*

(a) Paid-up capital

(b) Called-up capital

(c) Reserve capital

(d) Subscribed capital

**13.** (i) Hina and Neena are partners in a firm. Neena withdrew ₹ 10,000 per month at the beginning of each month during the year ended $31^{st}$ March, 2022. Interest on drawings was to be charged @ 6% per annum.

Interest on Neena's drawings for the year ended $31^{st}$ March, 2022 will be : *1*

(a) ₹ 3,900 (b) ₹ 325

(c) ₹ 3,600 (d) ₹ 3,300

**OR**

(ii) Vibha and Asha are partners in a firm. Asha withdrew ₹ 1,000 at the end of each quarter during the year ended $31^{st}$ March, 2022. Interest on drawings will be calculated for an average period of : *1*

(a) 6 months (b) $4\frac{1}{2}$ months

(c) $7\frac{1}{2}$ months (d) $6\frac{1}{2}$ months



https://www.evidyarthi.in/

**14.** (i) एक कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 400 अंशों का, जिन पर ₹ 8 प्रति अंश याचित किया गया था, ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । इन अंशों के हरण पर 'अंश पूँजी' खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाएगी : *1*

(a) ₹ 4,000 (b) ₹ 800

(c) ₹ 3,200 (d) ₹ 2,000

**अथवा**

(ii) एक्जिल लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 700 अंशों का जिन्हें 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 5 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) की आबंटन राशि तथा ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । इन अंशों के हरण पर 'अंश हरण खाते' के जमा पक्ष में खतौनी की जाएगी : *1*

(a) ₹ 7,000 (b) ₹ 1,400

(c) ₹ 4,900 (d) ₹ 2,100

**15.** अमन और चमन एक फर्म में साझेदार हैं । अमन ने 1 जुलाई, 2021 को फर्म को ₹ 6,00,000 का ऋण दिया । उनका कोई साझेदारी संलेख नहीं था । 31 मार्च, 2022 को अमन ऋण पर मिलने वाले ब्याज की निम्न राशि का हकदार था : *1*

(a) ₹ 36,000 (b) ₹ 18,000

(c) ₹ 9,000 (d) ₹ 27,000

**16.** अमन, आधार तथा अविनाश साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । 1 जुलाई, 2022 को अविनाश फर्म से सेवानिवृत्त हो गया । अविनाश की सेवानिवृत्ति की तिथि पर स्थिति विवरण लाभ-हानि खाते के नाम पक्ष में ₹ 1,20,000 का शेष दर्शा रहा था । अविनाश को देय राशि की गणना करते समय इस शेष का हस्तान्तरण किया जाएगा : *1*

(a) अमन तथा आधार के पूँजी खातों के नाम पक्ष में पुराने लाभ-विभाजन अनुपात में ।

(b) अमन, आधार तथा अविनाश के पूँजी खातों के नाम पक्ष में पुराने लाभ-विभाजन अनुपात में ।

(c) अमन तथा आधार के पूँजी खातों के जमा पक्ष में नए लाभ-विभाजन अनुपात में ।

(d) अमन तथा आधार के पूँजी खातों के जमा पक्ष में उनके अधिलाभ अनुपात में ।



https://www.evidyarthi.in/

**14.** (i) A company forfeited 400 shares of ₹ 10 each, ₹ 8 per share called up for non-payment of first call of ₹ 2 per share. On forfeiture of these shares, 'Share Capital' account will be debited with : *1*

(a) ₹ 4,000 (b) ₹ 800

(c) ₹ 3,200 (d) ₹ 2,000

**OR**

(ii) Xyle Ltd. forfeited 700 shares of ₹ 10 each issued at a premium of 10% for non-payment of allotment money of ₹ 5 per share (including premium) and first and final call of ₹ 3 per share. On forfeiture of these shares, 'Share Forfeiture Account' will be credited with : *1*

(a) ₹ 7,000 (b) ₹ 1,400

(c) ₹ 4,900 (d) ₹ 2,100

**15.** Aman and Chaman are partners in a firm. On $1^{st}$ July, 2021 Aman advanced a loan of ₹ 6,00,000 to the firm. There is no partnership deed. On $31^{st}$ March, 2022, Aman was entitled to get the following amount as interest on loan : *1*

(a) ₹ 36,000 (b) ₹ 18,000

(c) ₹ 9,000 (d) ₹ 27,000

**16.** Aman, Aadhar and Avinash were partners and sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Avinash retired from the firm on $1^{st}$ July, 2022. On the date of Avinash's retirement, the Balance Sheet showed a debit balance of ₹ 1,20,000 in the Profit and Loss Account. For calculating the amount payable to Avinash, this balance will be transferred : *1*

(a) To the debit side of the capital accounts of Aman and Aadhar in old profit sharing ratio.

(b) To the debit side of the capital accounts of Aman, Aadhar and Avinash in old profit sharing ratio.

(c) To the credit side of the capital accounts of Aman and Aadhar in new profit sharing ratio.

(d) To the credit side of the capital accounts of Aman and Aadhar in their gaining ratio.



https://www.evidyarthi.in/

**17.** मानसी, मोना तथा अमर एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करते थे । 1 अप्रैल, 2022 को मोना सेवानिवृत्त हो गई । पुनर्मूल्यांकन, ख्याति तथा संचित लाभों आदि संबंधी सभी समायोजनों को करने के पश्चात् मानसी तथा अमर के पूँजी खातों में क्रमश: ₹ 2,50,000 तथा ₹ 2,00,000 का जमा शेष था । यह निर्णय लिया गया कि मानसी तथा अमर की पूँजी को उनके नए लाभ-विभाजन अनुपात में समायोजित किया जाए ।

आवश्यक राशियाँ लाने अथवा आहरित करने की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपने कार्य को स्पष्ट रूप से दर्शाइए । *3*

**18.** ईशा, सुरभि, नमन तथा मान्या एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2022 से उन्होंने लाभ-हानि को 5 : 2 : 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लिया । इस तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 किया गया तथा पुस्तकों में सामान्य संचय ₹ 2,00,000 दर्शा रहा था ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपने कार्य को स्पष्ट रूप से दर्शाइए । *3*

**19.** (क) 1 अप्रैल, 2022 को आशु तथा माधव की फर्म की पूँजी ₹ 1,50,000 है । नियोजित पूँजी पर प्रत्याय की सामान्य दर 10% है । फर्म के औसत लाभ ₹ 23,500 हैं । अधिलाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर फर्म की ख्याति की गणना कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) रक्षित तथा मलिक एक फर्म में साझेदार हैं तथा 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं । 1 अप्रैल, 2021 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 1,20,000 तथा ₹ 80,000 थीं । 1 दिसम्बर, 2021 को उन्होंने निर्णय लिया कि फर्म की कुल पूँजी ₹ 3,00,000 होगी जिसके लिए उनके द्वारा 2 : 1 के अनुपात में योगदान दिया जाएगा ।

साझेदारी संलेख के अनुसार, साझेदारों को 6% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज दिया जाएगा ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में पूँजी पर दिए जाने वाले ब्याज की गणना कीजिए । *3*


https://www.evidyarthi.in/

**17.** Mansi, Mona and Amar were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Mona retired on 1st April, 2022. After making all adjustments relating to revaluation, goodwill and accumulated profits etc., the capital accounts of Mansi and Amar showed credit balance of ₹ 2,50,000 and ₹ 2,00,000 respectively. It was decided to adjust the capitals of Mansi and Amar in their new profit sharing ratio.

Pass necessary journal entries for bringing in or withdrawal of the necessary amounts involved. Show your working clearly. *3*

**18.** Isha, Surbhi, Naman and Manya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2 : 1. They decided to share profits and losses in the ratio of 5 : 2 : 2 : 1 with effect from 1st April, 2022. On this date, the goodwill of the firm was valued at ₹ 6,00,000 and General Reserve appeared in the books at ₹ 2,00,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions. Show your workings clearly. *3*

**19.** (a) On 1st April, 2022, the capital of the firm of Ashu and Madhav is ₹ 1,50,000. The normal rate of return on capital employed is 10%. Average profits of the firm are ₹ 23,500. Calculate goodwill of the firm based on three years purchase of super profits. *3*

**OR**

(b) Rakshit and Malik are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 1. On 1st April, 2021, their capitals were ₹ 1,20,000 and ₹ 80,000 respectively. On 1st December, 2021, they decided that the total capital of the firm should be ₹ 3,00,000 to be contributed by them in the ratio of 2 : 1.

According to the partnership deed, interest on capital is allowed to the partners @ 6% p.a.

Calculate interest on capital to be allowed for the year ending 31st March, 2022. *3*



https://www.evidyarthi.in/

**20.** (क) एनैक्स लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 अंशों को 10% प्रीमियम पर अभिदान के लिए जनता को निर्गमित किया । सम्पूर्ण राशि आवेदन पर देय थी । 3,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा बोर्ड ने निर्णय लिया कि सभी अंशधारियों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया जाए ।

एनैक्स लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनेदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) शोवन लिमिटेड ने स्वामी लिमिटेड की ₹ 60,00,000 की परिसम्पत्तियाँ तथा ₹ 10,00,000 की देयताएँ ₹ 45,00,000 के क्रय मूल्य पर लेने की सहमति दी । राशि का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों को 25% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया जाना था ।

शोवन लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनेदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**21.** मधुर लिमिटेड की अधिकृत पूँजी ₹ 20,00,000 है जो ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों में विभाजित है । कंपनी ने 90,000 अंशों को निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । 88,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा केवल 4,000 अंशों पर ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम एवं अंतिम याचना राशि को छोड़कर सभी राशि प्राप्त हो गई । इन अंशों का हरण कर लिया गया ।

(क) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कंपनी के स्थिति विवरण में 'अंश पूँजी' को दर्शाइए ।

(ख) इसी के लिए 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । *4*



https://www.evidyarthi.in/

**20.** (a) Annex Ltd. issued 1,00,000 shares of ₹ 10 each at a premium of 10% to the public for subscription. The whole amount was payable on application. Applications were received for 3,00,000 shares and the board decided to allot shares to all shareholders on pro-rata basis.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Annex Ltd. *3*

**OR**

(b) Shovan Limited took over the assets of ₹ 60,00,000 and liabilities of ₹ 10,00,000 from Swami Limited for an agreed purchase consideration of ₹ 45,00,000. The amount was payable by issuing 10% debentures of ₹ 100 each at 25% premium.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Shovan Limited. *3*

**21.** Madhur Ltd. has an authorised capital of ₹ 20,00,000 divided into equity shares of ₹ 10 each. The company invited applications for issuing 90,000 shares. Applications for 88,000 shares were received. All calls were made and duly received except the first and final call of ₹ 3 per share on 4,000 shares. These shares were forfeited.

(a) Present the 'Share Capital' in the Balance Sheet of the company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013.

(b) Also prepare 'Notes to Accounts' for the same. *4*


https://www.evidyarthi.in/

**22.** सुधीर, दीपक तथा नवीन एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को सुधीर, दीपक तथा नवीन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 50,000 | भूमि एवं भवन | 2,10,000 |
| सामान्य संचय | | 1,00,000 | मशीनरी | 1,90,000 |
| ऋण | | 1,20,000 | स्टॉक | 30,000 |
| पूँजी : | | | निवेश | 1,70,000 |
| सुधीर | 1,60,000 | | विज्ञापन उचंति खाता | 1,20,000 |
| दीपक | 1,50,000 | | | |
| नवीन | 1,40,000 | 4,50,000 | | |
| | | 7,20,000 | | 7,20,000 |

30 जून, 2022 को सुधीर की मृत्यु हो गई । साझेदार की मृत्यु पर साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत लाभ, जो ₹ 1,80,000 हैं, के $2\frac{1}{2}$ वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाएगा ।

(ii) मृत्यु की तिथि तक लाभ अथवा हानि में सुधीर के भाग की गणना विक्रय के आधार पर की जाएगी । 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में विक्रय की राशि ₹ 4,00,000 थी तथा 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून 2022 तक विक्रय की राशि ₹ 1,50,000 थी । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ ₹ 1,00,000 था ।

(iii) पूँजी पर 7% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा ।

सुधीर के निष्पादकों को सौंपने के लिए उनका पूँजी खाता तैयार कीजिए । *4*



https://www.evidyarthi.in/

**22.** Sudhir, Deepak and Naveen were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On 31st March, 2022 their Balance Sheet was as under :

**Balance Sheet of Sudhir, Deepak and Naveen as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 50,000 | Land and Building | 2,10,000 |
| General Reserve | | 1,00,000 | Machinery | 1,90,000 |
| Loan | | 1,20,000 | Stock | 30,000 |
| Capitals : | | | Investments | 1,70,000 |
| Sudhir | 1,60,000 | | Advertisement Suspense A/c | 1,20,000 |
| Deepak | 1,50,000 | | | |
| Naveen | 1,40,000 | 4,50,000 | | |
| | | 7,20,000 | | 7,20,000 |

Sudhir died on 30th June, 2022. The partnership deed provided for the following, on the death of a partner :

(i) Goodwill of the firm was to be valued at $2\frac{1}{2}$ years purchase of average profits of the previous four years which were ₹ 1,80,000.

